# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Mega Health Camp @ CUH

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 28-06-2022**



### विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में लगाए शिविर में गुरुग्राम स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सा विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि आज की व्यस्त जीवन शैली में कहीं न कहीं स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपायों की अनदेखी हो जाती है जोकि ठीक नहीं है। ऐसे में स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है कि हम स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर जागरूक बनें।
विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए लगाए शिविर में विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य की जांच की। आवश्यक परामर्श व उपचार के संबंध में जानकारी दी। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 28-06-2022**

## हकेंवि में लगा मेगा हेल्थ कैंप विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

**महेंद्रगढ़**| हकेंवि में सोमवार को मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में आयोजित इस हेल्थ कैंप में एक निजी अस्पताल के विशेषज्ञ उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर की महत्ता से हम भली-भांति अवगत है, किंतु आज की व्यस्त जीवन शैली में कहीं न कहीं स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपायों की अनदेखी हो जाती है। जो कि ठीक नहीं है। ऐसे में स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है कि हम स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर जागरूक बनें । शिविर में शैक्षणिक, शैक्षणेत्तर कर्मचारियों व उनके परिवारजनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. दिनेश गुप्ता, प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. गुंजन गोयल डॉ. रमेश कुमार, डॉ. दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।



# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 28-06-2022**

# हकेंवि में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित



हकेंवि में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● हकेंवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में सोमवार को मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में आयोजित इस हेल्थ कैंप में मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर की महत्ता से हम भली-भांति अवगत हैं, किंतु आज की व्यस्त जीवन शैली में कहीं न कहीं स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपायों की अनदेखी हो जाती है, जोकि ठीक नहीं है। ऐसे में स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है कि हम स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर जागरूक बनें। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों की विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक परामर्श व उपचार के संबंध में जानकारी दी।

शिविर में विश्वविद्यालय की प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. दिनेश गुप्ता, प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. गुंजन गोयल डा. रमेश कुमार, डा. दिनेश कुमार सहित कई विभागों के कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Impressive Times** **Date: 28-06-2022**

# Mega Health Camp organized at CUH




Simran Rawat
info@impressivetimes.com


**MAHENDERGARH:** A Mega Health Camp was organized on Monday at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Experts from Medanta Hospital, Gurugram were present in this health camp organized at the University's Health Centre. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor said that we are well aware of the importance of a healthy body, but still in today's busy lifestyle, somewhere the necessary measures for health are overlooked, which is not right. In such a situation, it is necessary for a healthy body that we become aware of health-related problems and in this endeavour such health camps prove to be helpful. In this health program organized by Medanta Hospital, Gurugram for the employees and students of the University, the experts examined the health and gave information regarding necessary counselling and treatment. Academic, non-teaching staff and their families actively participated in this health check-up camp organized in the University. Medical officers of the University, Dr. Rajat Yadav, Dr. Hina Yadav and all the colleagues of the health center played an important role in this camp. On this occasion the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, the first lady of the University, Prof. Sunita Srivastava, Registrar Prof. Sunil Kumar, Prof. Dinesh Gupta, Prof. Pawan Kumar Maurya, Prof. Gunjan Goyal, Dr. Ramesh Kumar, Dr. Dinesh Kumar, employees, officers and students of various departments got their health check-up done.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 28-06-2022**

# हकेंवि में मैगा हैल्थ कैंप आयोजित



*शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

महेंद्रगढ़, 27 जून (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में सोमवार को मैगा हैल्थ कैंप का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के हैल्थ सैंटर में आयोजित इस हैल्थ कैंप में मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर की महत्ता से हम भली-भांति अवगत हैं किंतु आज की व्यस्त जीवन शैली में कहीं न कहीं स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपायों की अनदेखी हो जाती है जोकि ठीक नहीं है। ऐसे में स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है कि हम स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर जागरूक बनें और इस प्रयास में इस तरह के हैल्थ कैंप मददगार साबित होते हैं।

मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम की ओर से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस हैल्थ में विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक परामर्श व उपचार के संबंध में जानकारी दी। विश्वविद्यालय में आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर में शैक्षणिक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत यादव, डॉ. हिना यादव सहित स्वास्थ्य केंद्र के सभी सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. दिनेश गुप्ता, प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. गुंजन गोयल डॉ. रमेश कुमार, डॉ. दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।